# E-AUCTION SALE NOTICE
# BHARAT PAPERS LIMITED (IN LIQUIDATION)
## Sale under Insolvency and Bankruptcy Code, 2016

Liquidator of BHARAT PAPERS LIMITED(Corporate Debtor) in Liquidation, hereby invites, Eligible Bidder(s) to participate in the E-Auction of Sale of Assets of the Corporate Debtor, listed herein as Block of Plant & Machinery on **"As is where is basis, "As is what is basis", "Whatever there is basis"** and **"No recourse basis"** as per the auction schedule stated herein and as per detailed terms, conditions & process listed in Bid document which can be downloaded from https://ibbi.baanknet.com or can be obtained by sending an email to irpbharatpapers@gmail.com

The reserve price and earnest money deposit will be mentioned in the table below:

(Amount in Rs.)

| Block No | Description of Assets | Reserve Price | EMD | Bid Incremental Value |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Sale of Plant & Machinery lying at near railway crossing, Village Lagote, Tehsil Kathua, Distt. Jammu | 6,02,00,000/- (Six Crores and Two Lakhs only) | 60,20,000/- (Sixty Lakhs and Twenty Thousand only) | 1,00,000/- (One Lakhs Only) |

| | |
|---|---|
| Date of publication of Auction Notice | **15-11-2025** |
| Last date of uploading of undertaking u/s 29A, KYC documents & other undertakings | **12-12-2025** (to be uploaded on https://ibbi.baanknet.com) |
| Last date of submission of EMD | **13-12-2025** (to be deposited through an e-wallet account on https://ibbi.baanknet.com) |
| Date of Inspection | **From 16-11-2025 to 12-12-2025** (From 12 PM to 4 PM with prior intimation to liquidator) |
| Date of Auction and time | **15-12-2025** • For Block of Plant & Machinery- 1:00 PM to 2:00 PM (Each with an unlimited extension of 5 minutes) |

**Important Points:**

• E-Auction will be conducted on "As is where is basis. **"As is what is basis", "Whatever there is basis"** and **"No recourse basis"** through approved service provider PSB Alliance (Alliance of all Public Sector Banks)

• The sale shall be subject to provisions of the Insolvency and Bankruptcy Code, 2016 and Liquidation regulations made thereunder. All claims in respect of any liability of the CD (Bharat Papers Limited) prior to the auction date shall be dealt with accordingly. All claims/ liabilities in respect of assets under auction after the auction date shall be the sole responsibility of the successful bidder.

• The Complete E-Auction process document containing details of the Assets, online e-auction Bid Form, Declaration and Undertaking Form, and General Terms and Conditions of online auction sale are available on the website https://ibbi.baanknet.com/.

• The intending bidders are required to deposit the Earnest Money Deposit (EMD) through their own e-wallet account on the portal. Upon the successful conclusion of the auction, the EMD amount of the highest bidder will be transferred to the account titled "Bharat Papers Limited–In Liquidation," maintained with ICICI Bank Limited, 17-A, Ring Road Lajpat Nagar-IV, New Delhi 110024. Account Number: 071405003220 IFSC Code: ICIC0000714

• In case a bid is placed in the last 5 minutes of the closing time of the e-auction of each block, the closing time will automatically be extended for 5 minutes with unlimited extension. The bidder who submits the highest bid amount on closure of the e-auction process shall be declared as the Successful Bidder after consultation with the Stakeholders' Consultation Committee and communication to that effect will be issued through electronic mode.

• As per proviso to section 35(1)(f) of the IBC Code, the interested bidder shall not be eligible to submit a bid if it fails to meet the eligibility criteria as set out in section 29A of the Code (as amended from time to time).

• The EMD of the Successful Bidder shall be retained towards part sale consideration and the EMD of unsuccessful bidders shall be refunded without any interest, bank charges, or any other charges. The EMD so submitted shall not bear any Interest.

• Interested applicants are required to submit requisite documents and deposit the EMD amount by logging into the portal as a buyer and also required to submit the eligibility documents https://ibbi.baanknet.com/ in the same portal.

• Prospective bidders shall submit an undertaking that they do not suffer from any ineligibility under section 29A of the Code to the extent applicable and that if found ineligible at any stage, the earnest money deposited shall be forfeited.

**Vijay Kishore Saxena**
**Liquidator of Bharat Papers Limited**
IBBI/IPA-001/IP-P01766/2019-2020/12708
AFA: AA1/12708/02/311225/107859 valid up to 31-12-2025
Email ID for Correspondence: irpbharatpapers@gmail.com

**Date : 15.11.2025**
**Place: New Delhi**

## बिलासपुर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का निरीक्षण

# ईवीएम की सुरक्षा में लगे आठ पुलिसकर्मी नदारद मिले, निलंबित

शिमला, 14 नवंबर (ब्यूरो)।

बिलासपुर जिले में ईवीएम की सुरक्षा में तैनात कम से कम आठ पुलिसकर्मियों को एक औचक निरीक्षण के दौरान ड्यूटी से अनुपस्थित पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, बुधवार रात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शिव चौधरी ने औचक निरीक्षण किया और बिलासपुर के सरकारी डिग्री कालेज और लखनपुर स्थित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) स्ट्रांग रूम का दौरा किया, जहां पुलिसकर्मी तैनात थे। हालांकि, जब वह वहां पहुंचे, तो उन्हें दोनों ही स्थानों पर कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं मिला।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने तुरंत पुलिस अधीक्षक संदीप धवल (एसपी) को सूचित किया, जिसके बाद दो मुख्य आरक्षी समेत आठ पुलिस कर्मियों को निलंबित कर पुलिस लाइन भेज दिया गया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि निलंबित पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को एक महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने में अनुशासनहीनता और लापरवाही का दोषी पाया गया है। यह एक बहुत ही गंभीर मामला है। ईवीएम सुरक्षा जैसी संवेदनशील जिम्मेदारी में कोई भी चूक पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

### तीन साल पहले हुए चुनाव को हाई कोर्ट में दी थी चुनौती

बताया जा रहा है कि दोनों स्थानों पर रखी गईं ईवीएम बिलासपुर और श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित थीं। साल 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा उम्मीदवार त्रिलोक जमवाल और रणधीर शर्मा जीते थे।

बाद में हारे प्रत्याशियों ने इन नतीजों को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई, जिसके बाद ईवीएम को सुरक्षित रखा गया। श्री नयना देवी जी विधानसभा से भाजपा के रणधीर शर्मा ने कांग्रेस प्रत्याशी ठाकुर रामलाल को 171 मतों के अंतर से हराया था।

वहीं, बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार त्रिलोक जमवाल ने बंपर ठाकुर को 276 वोट से मात दी थी।

# पंचायत व शहरी निकाय चुनाव में 55 लाख मतदाता डालेंगे वोट

शिमला, 14 नवंबर (ब्यूरो)।

प्रदेश इसी साल दिसंबर और जनवरी में पंचायत चुनाव प्रस्तावित हैं। इसके लिए चुनाव आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। राज्य निर्वाचन आयोग 3,577 पंचायतों में से 3,548 पंचायतों और 70 शहरी निकायों की मतदाता सूचियां तैयार कर ली हैं।

राज्य में पंचायत और नगर निकाय चुनाव में 55 लाख 19 हजार 709 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। आयोग की ओर से तैयार की गई मतदाता सूचियों में 27,26,548 महिला व 27,93,161 पुरुष मतदाता हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से एक अक्तूबर, 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार 3,577 ग्राम पंचायतों में से 3,548 ग्राम पंचायतों व 70 शहरी निकायों की मतदाता सूचियां तैयार कर ली गई हैं। शेष 29 ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची एक दिसंबर, 2025 को तैयार की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि उक्त मतदाता सूचियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। सूची में अपना नाम आयोग की वेबसाइट तथा वोटर सारथी एप के माध्यम से देखा जा सकता है।

निर्वाचन आयोग की ओर से नाम दर्ज करने के लिए एक अक्तूबर, 2025 तिथि निर्धारित की गई थी। जो व्यक्ति एक अक्तूबर, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने में पात्र हैं। यदि अंतिम मतदाता सूची में किसी पात्र व्यक्ति का नाम सम्मिलित नहीं है तो वह अपना नाम सम्मिलित करवाने के लिए संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त के कार्यालय में निर्धारित प्रारूप पर दोहरी प्रति में दो रुपए का शुल्क अदा कर निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने तक आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का नाम नगर पंचायत/नगर परिषद्/नगर निगम की मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है तो वह मतदाता सूची में अपना नाम सम्मिलित करवाने के लिए संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी-एवं-उपमंडलाधिकारी के कार्यालय में निर्वाचन का कार्यक्रम जारी होने तक निर्धारित प्रारूप पर दोहरी प्रति में 50 रुपए का शुल्क अदा कर आवेदन प्रस्तुत कर सकता है।

## खबर कोना

### नाग मंदिर की सराय में आग से खिड़की-दरवाजे जले

कुल्लू, 14 नवंबर (जनसत्ता)।

मनाली के पर्यटन स्थल सोलंगनाला के समीप कंचन नाग मंदिर की सराय में आग लग गई। आग लगने से सराय की खिड़कियां व दरवाजे जलकर खाक हो गए। सराय से धुंआ निकलता देख लोगों ने सुबह पौने आठ बजे अग्निशमन विभाग को सूचना दी। हालांकि अग्निशमन विभाग के पहुंचने से पहले खिड़कियां व दरवाजे जलकर राख हो गए। अग्निशमन केंद्र मनाली के प्रभारी सरनपत ने बताया कि उन्हें सुबह 7:50 बजे सोलंगनाला में नाग मंदिर की सराय में आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने कहा कि अनुमान है कि संपत्ति का लगभग एक लाख का नुकसान हुआ है, जिसमें 20 लकड़ी के स्लीपर, खिड़कियां और दरवाजे शामिल हैं। इसके अलावा काफी संपत्ति बचा ली गई।

### हादसे में स्कूटी सवार की मौत, चालक घायल

मंडी, 14 नवंबर (जनसत्ता)।

सराज क्षेत्र के उपमंडल थुनाग के समीप लेहगला में शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे सड़क हादसे में सुंदरनगर में आइटीआइ के छात्र की मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सुंदरनगर से स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रहे थुनाग निवासी पीयूष कुमार और गांव लंबाथाच (गलशाकरा) के गुलशन की स्कूटी एक ट्रक की चपेट में आ गई। हादसा इतना भयंकर था कि दोपहिया पर पीछे बैठा पीयूष ट्रक के पिछले टायर के नीचे आकर कुचला गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं स्कूटी चला रहा गुलशन गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए जंजैहली के सरकारी अस्पताल भेजा गया है।


**ई-नीलामी बिक्री सूचना**
**भारत पेपर्स लिमिटेड (परिसमापन में)**
**दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत बिक्री**

भारत पेपर्स लिमिटेड (कॉर्पोरेट देनदार) के परिसमापक, इसके द्वारा, योग्य बोलीदाताओं को, यहां प्लांट और मशीनरी के ब्लॉक के रूप में सूचीबद्ध कॉर्पोरेट देनदार की परिसंपत्तियों की बिक्री की ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आमंत्रित करते हैं, जो यहां बताई गई नीलामी अनुसूची के अनुसार "**जैसा है जहां है**", "**जैसा है जो है आधार**", "**जो भी है आधार**" और "**कोई सहारा नहीं आधार**" के आधार पर और बोली दस्तावेज में सूचीबद्ध विस्तृत नियमों, शर्तों और प्रक्रिया के अनुसार है, जिसे https://ibbi.baanknet.com से डाउनलोड किया जा सकता है या irpbharatpapers@gmail.com पर ईमेल भेजकर प्राप्त किया जा सकता है।
आरक्षित मूल्य और बयाना राशि का उल्लेख नीचे दी गई तालिका में किया जाएगाः

(राशि रु. में)

| ब्लॉक नं. | परिसंपत्तियों का विवरण | आरक्षित मूल्य | ईएमडी | बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रेलवे क्रॉसिंग ग्राम लंगोटे, तहसील कठुआ, जिला जम्मू के पास स्थित संयंत्र और मशीनरी की बिक्री | 6,02,00,000/- (केवल छः करोड़ बीस लाख रुपए) | 60,20,000/- (केवल साठ लाख बीस हजार रुपए) | 1,00,000/- (केवल एक लाख रुपए) |

| | |
|---|---|
| नीलामी सूचना के प्रकाशन की तिथि | 15-11-2025 |
| धारा 29ए के अंतर्गत वचनबद्धता, केवाईसी दस्तावेज व अन्य वचनबद्धता अपलोड करने की अंतिम तिथि | 12-12-2025 (https://ibbi.baanknet.com पर अपलोड किया जाएगा) |
| ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि | 13-12-2025 (https://ibbi.baanknet.com पर ई-वॉलेट खाते के माध्यम से जमा किया जाएगा) |
| निरीक्षण की तिथि | 16-11-2025 से 12-12-2025 तक (अपराह्न 12 बजे से अपराह्न 4 बजे तक, परिसमापक को पूर्व सूचना के साथ) |
| नीलामी की तिथि और समय | 15-12-2025 • प्लांट और मशीनरी के ब्लॉक के लिए - दोपहर 1:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक (प्रत्येक के लिए 5 मिनट का असीमित विस्तार) |

महत्वपूर्ण बिंदुः
- ई-नीलामी अनुमोदित सेवा प्रदाता पीएसबी एलायंस (सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का गठबंधन) के माध्यम से "**जैसा है जहां है**", "**जैसा है जो है**" और "**कोई सहारा नहीं आधार**" पर आयोजित की जाएगी।
- यह बिक्री दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, 2016 और उसके अंतर्गत बनाए गए परिसमापन विनियमों के प्रावधानों के अधीन होगी। नीलामी तिथि से पहले सीडी (भारत पेपर्स लिमिटेड) की किसी भी देनदारी से संबंधित सभी दावों का निपटारा तदनुसार किया जाएगा। नीलामी तिथि के बाद नीलाम की जाने वाली संपत्तियों से संबंधित सभी दावों/देयताओं की पूरी ज़िम्मेदारी सफल बोलीदाता की होगी।
- संपूर्ण ई-नीलामी प्रक्रिया दस्तावेज, जिसमें परिसंपत्तियों का विवरण, ऑनलाइन ई-नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणा और वचन पत्र, तथा ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम व शर्तें शामिल हैं, वेबसाइट https://ibbi.baanknet.com/ पर उपलब्ध हैं।
- इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर अपने ई-वॉलेट खाते के माध्यम से बयाना राशि (ईएमडी) जमा करनी होगी। नीलामी के सफल समापन पर, उच्चतम बोली लगाने वाले की ईएमडी राशि आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 17-ए, रिंग रोड लाजपत नगर-IV, नई दिल्ली 110024 के "भारत पेपर्स लिमिटेड—इन लिक्विडेशन" नामक खाते में स्थानांतरित कर दी जाएगी। खाता संख्याः 071405003220 IFSC Code: ICIC0000714
- यदि प्रत्येक ब्लॉक की ई-नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में बोली लगाई जाती है, तो समापन समय स्वचालित रूप से असीमित विस्तार के साथ 5 मिनट के लिए बढ़ा दिया जाएगा। ई-नीलामी प्रक्रिया के समापन पर उच्चतम बोली राशि प्रस्तुत करने वाले बोलीदाता को हितधारकों की परामर्श समिति के परामर्श के बाद सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा और इस आशय की सूचना इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से जारी की जाएगी।
- आईबीसी संहिता की धारा 35(1)(एफ) के प्रावधान के अनुसार, इच्छुक बोलीदाता बोली प्रस्तुत करने के लिए पात्र नहीं होगा यदि वह संहिता की धारा 29ए (समय-समय पर संशोधित) में निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने में विफल रहता है।
- सफल बोलीदाता की ईएमडी आंशिक बिक्री प्रतिफल के रूप में रखी जाएगी और असफल बोलीदाताओं की ईएमडी बिना किसी ब्याज, बैंक शुल्क या किसी अन्य शुल्क के वापस कर दी जाएगी। इस प्रकार जमा की गई ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं लगेगा।
- इच्छुक आवेदकों को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे और क्रेता के रूप में पोर्टल पर लॉग इन करके ईएमडी राशि जमा करनी होगी और साथ ही उसी पोर्टल पर पात्रता दस्तावेज https://ibbi.baanknet.com/ भी जमा करने होंगे।
- संभावित बोलीदाताओं को एक वचनबद्धता प्रस्तुत करनी होगी कि वे संहिता की धारा 29ए के तहत किसी भी प्रकार की अयोग्यता से ग्रस्त नहीं हैं और यदि किसी भी स्तर पर अयोग्य पाए जाते हैं, तो जमा की गई बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी।

**विजय किशोर सक्सेना**
**भारत पेपर्स लिमिटेड के परिसमापक**
IBBI/IPA-001/IP-P01766/2019-2020/12708
**दिनांक: 15.11.2025** AFA: AA1/12708/02/311225/107859, 31-12-2025 तक वैध
**स्थान: नई दिल्ली** पत्राचार के लिए ईमेल आईडीः irpbharatpapers@gmail.com


# रात में वकीलों की कुर्सियां व मेज हटाने पर विवाद

मंडी, 14 नवंबर (जनसत्ता)।



मंडी में विरोध के लिए जुटे वकील।

मंडी जिला अदालत में शुक्रवार सुबह उस समय विचित्र स्थिति पैदा हो गई जब न्यायालय परिसर में कई वकीलों के मेज व कुर्सी गायब मिले। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। प्रारंभिक छानबीन के बाद सामने आया कि यह वकीलों व न्यायिक अधिकारियों के बीच पिछले दिनों से परिसर में वकीलों की संख्या लगातार बढ़ने व परिसर में अंधाधुंध कुर्सियां व मेज लगाए जाने को लेकर हुए टकराव से जुड़ा मामला है। ऐसे में वकील भड़क गए और अदालतों का बहिष्कार करके परिसर में ही एकत्रित होकर नारेबाजी करने लगे। बार संघ मंडी के प्रधान दिनेश सकलानी की अगुआई में वकीलों ने हड़ताल कर दी। इसी बीच यह मामला पूरे प्रदेश में प्रदेश उच्च न्यायालय तक पहुंच गया। प्रदेश भर के कई बार संघ मंडी की वकीलों के पक्ष में खड़े हो गए और इसके विरोध में शनिवार को प्रदेश भर में अदालतों को बहिष्कार करने का एलान कर दिया गया। मंडी बार संघ के वकील कहते हैं कि पुलिस अधीक्षक और उपायुक्त कार्यालय से सटे अदालत परिसर से मेज कुर्सी गायब होना कोई सामान्य आपराधिक घटना नहीं है।

मंडी पुलिस भी इस मामले में काफी सतर्कता बरतते हुए जांच कर रही है। दूसरी तरफ वकील एफआइआर दर्ज करने पर अड़े हुए हैं। हालांकि पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा के पास पहुंची इस शिकायत को छानबीन के लिए एएसपी अभिमन्यु वर्मा को सौंप दिया गया है। इसके बाद मेज, कुर्सी गायब होने के मामले में पुलिस ने छानबीन तो शुरू की है लेकिन कोई मामला पंजीकृत नहीं किया है। इसी बीच, एक वकील ने इसकी शिकायत मंडी अदालत सहित हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट को भी कर दी। हाई कोर्ट ने मंडी अदालत और बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को इस मामले को सुलझाने के निर्देश यह कहते हुए दिए कि आगामी 18 नवंबर तक पूरे विवाद को खत्म कर हाई कोर्ट को अवगत करवाया जाए।

मंडी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु वर्मा ने कहा है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस मामले की सारी सच्चाई सामने लाएगी। मामले में एफआइआर करने की जरूरत होगी तो प्रारंभिक जांच के बाद पंजीकृत की जाएगी।


**PRISM MEDICO AND PHARMACY LIMITED**
**Registered office: Suketi Road, Kala Amb, Sirmaur, Himachal Pradesh-173030**
**CIN: L24100HP2002PLC009299; Website: www.prismmedico.in**
**Email Id: investorgrievancewmcl@gmail.com**

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS ( PROVISIONAL) FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED ENDED 30.09.2025**

| Sr. No. | Particulars | Quarter ended | | | Year to date | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (Unaudited) Reviewed 30/09/2025 | (Unaudited) Reviewed 30/06/2025 | (Unaudited) Reviewed 30/09/2024 | (Unaudited) Reviewed 30/09/2025 | (Audited) Reviewed 31/03/2025 |
| 1. | Total income from operations (Net) | 51.90 | 158.91 | 28.78 | 210.81 | 64.84 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items | -8.48 | 65.07 | 1.00 | 56.59 | -6.58 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items | -8.48 | 65.07 | 1.00 | 56.59 | -6.58 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -8.48 | 65.73 | 0.94 | 57.25 | -4.87 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | -8.48 | 65.73 | 0.94 | 57.25 | -4.87 |
| 6. | Equity Share Capital | 606.34 | 606.34 | 606.34 | 606.34 | 606.34 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | 960.19 | 968.67 | 899.75 | 960.19 | 902.94 |
| 8. | Earning per share (before extraordinary items) (Face Value of Rs. 10/- each) Basic & Diluted | -0.0014 | 0.0108 | 0.0002 | 0.0094 | -0.0008 |
| 9. | Earning per share (after extraordinary items) (Face Value of Rs. 10/- each) Basic & Diluted | -0.0014 | 0.0108 | 0.0002 | 0.0094 | -0.0008 |

**Notes:-**
**1.** The above results are as per Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015 as amended and have been taken on record by Board of Directors at its meeting held on 14.11.2025 after being reviewed by the Audit Committee.**2.** This statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 and other recognized accounting practices and policies to the extent applicable.
**3.**. The company is having single segment in accordance with IND AS 108 "operating segments". and therefore segment reporting is not applicable to the company.

**For and on behalf of Board**
**Sd/-**
**Davender Singh**
**Director (DIN: 09447213)**
**Place: Kala Amb**
**Dat: 14.11.2025**


# धरगौरा को मिला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन

शिमला, 14 नवंबर (ब्यूरो)।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जिला शिमला में रामपुर बुशहर में 53.96 करोड़ रुपए की विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए।

उन्होंने 3.27 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित ग्राम पंचायत धरगौरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन, 1.78 करोड़ रुपए की लागत से जलशक्ति उपमंडल रामपुर के तहत विभिन्न पेयजल आपूर्ति योजनाओं के सुदृढ़ीकरण कार्यों, 74.38 लाख रुपए की लागत से तहसील ननखड़ी में प्रवाह सिंचाई योजना फौला लधिधार के सुधार कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने नाबार्ड के अंतर्गत 25.76 करोड़ रुपए से ज्यूरी से सरांहन सड़क के उन्नयन कार्य, 2.77 करोड़ रुपए की लागत से आइटीबीपी कलोनी नोगली के लिए उठाऊ पेयजल आपूर्ति योजना के कार्य, मुनिश बाहली और दरकाली पंचायतों के पेयजल आपूर्ति योजनाओं के सुदृढ़ीकरण कार्य की शुरुआत की। ग्राम पंचायत कलेड़ा मझेवटी पंचायत में बेलूपुल से मझेवटी के लिए 1.19 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाली प्रवाह सिंचाई योजना, नगर परिषद् रामपुर में छूटे हुए घरों के लिए निर्मित होने वाली सीवरेज प्रणाली के कार्य का शिलान्यास किया।


**PERSONAL**

**I,** Chander Mohan Sharma S/O Sh. D.N Sharma R/O B-39, Lane-1, Sector-2,New Shimla HP declare that Chander Mohan Sharma and Chander Mohan is one and the same person. All concerned note it
0020504015-1

**I, Brahm Dass Dhiman S/o Late Sh. Mangat Ram R/o Nishant Bhawan, Dhanda, P.O Totu, Teh. & Distt. Shimla (H.P) declares that Brahm Dass Dhiman and B D Dhiman is the name of one and the same person. All concerned please note.**
0020504014-1


# बेटी पढ़ाओ सिर्फ नारा नहीं, मेरा व्यक्तिगत मिशन : मुख्यमंत्री



बाल दिवस पर बच्चों के साथ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू।

शिमला, 14 नवंबर (ब्यूरो)।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बाल दिवस के अवसर पर रिज शिमला में 'चिल्ड्रन आफ द स्टेट स्पोर्ट्स एंड कल्चरल मीट-2025' की शुरुआत की। इसका आयोजन पुलिस एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से किया गया। 16 नवंबर तक चलने वाले इस कार्यक्रम में प्रदेश के 29 बाल-बालिका सुखाश्रय आश्रम के लगभग 600 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि 'बेटी पढ़ाओ' सिर्फ एक नारा नहीं है, यह मेरा व्यक्तिगत मिशन है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने संकल्प लिया है कि हर बेटी को पूर्ण सुरक्षा, उत्तम शिक्षा और आसमान छूने का अवसर प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाल दिवस देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पावन स्मृति को समर्पित है। यह खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव नेहरू जी की उसी भावना, समान अवसर और उज्ज्वल भविष्य को आगे बढ़ाने के प्रदेश सरकार के संकल्प को प्रतिबिंबित करता है। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक अभिभावक के रूप में 6,000 अनाथ और बेसहारा बच्चों को 'चिल्ड्रन आफ द स्टेट' के रूप में अपनाया है। योजना के तहत बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर स्तर पर सहायता प्रदान कर 27 वर्ष तक इन बच्चों के माता-पिता का दायित्व निभाएगी।


Brooks LABORATORIES LIMITED

**ब्रूक्स लैबोरेटरीज़ लिमिटेड**
**CIN: L24232HP2002PLC000267**
पंजीकृत कार्यालयः गांव किशनपुरा, नालागढ़ रोड, बद्दी, जिला सोलन, हि.प्र.- 174101
ई-मेलः investors@brookslabs.net, वेबसाइटः www.brookslabs.net

**30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सार** (लाख रु. में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडएलोन: समाप्त तिमाही 30 सितं-25 (अनंकेक्षित) | 30 जून-25 (अनंकेक्षित) | 30 सितं-24 (अनंकेक्षित) | समाप्त छमाही 30 सितं-25 (अनंकेक्षित) | 30 सितं-24 (अनंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31 मार्च-25 (अंकेक्षित) | कंसोलिडेटिड: समाप्त तिमाही 30 सितं-25 (अनंकेक्षित) | 30 जून-25 (अनंकेक्षित) | 30 सितं-24 (अनंकेक्षित) | समाप्त छमाही 30 सितं-25 (अनंकेक्षित) | 30 सितं-24 (अनंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31 मार्च-25 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय (सकल) | 2,384.09 | 2,572.89 | 2,099.05 | 4,956.98 | 3,899.27 | 8,343.99 | 2,384.09 | 2,572.89 | 2,099.05 | 4,956.98 | 3,899.27 | 8,343.99 |
| 2 | सामान्य गतिविधियों से अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (सहयोगी, कर, विशेष तथा/ असाधारण मदों के लाभ/(हानि) के शेयर्स से पूर्व) | 223.73 | 265.06 | 95.57 | 488.79 | 74.34 | 322.76 | 223.73 | 265.06 | 95.57 | 488.79 | 74.34 | 319.22 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (सहयोगी, विशेष तथा/ असाधारण मदों के लाभ/(हानि) के शेयर्स के बाद) | 223.73 | 265.06 | 95.57 | 488.79 | 74.34 | 322.76 | 797.69 | 958.48 | (396.34) | 1,756.17 | (637.68) | (979.16) |
| 4 | कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (सहयोगी, विशेष तथा/असाधारण मदों के लाभ/(हानि) के शेयर्स के बाद) | 223.73 | 265.06 | 95.57 | 488.79 | 74.34 | 305.22 | 797.69 | 958.48 | (396.34) | 1,756.17 | (637.68) | (996.70) |
| 5 | * अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए (कर के बाद)लाभ/(हानि) तथा अन्य व्यापक आय (कर के बाद) को शामिल करके] | 223.73 | 265.06 | 95.57 | 488.79 | 74.34 | 303.39 | 797.69 | 958.48 | (396.34) | 1,756.17 | (637.68) | (998.53) |
| 6 | *इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- रु. प्रति शेयर) | 2,945.72 | 2,945.72 | 2,624.67 | 2,945.72 | 2,624.67 | 2,945.72 | 2,945.72 | 2,945.72 | 2,624.67 | 2,945.72 | 2,624.67 | 2,945.72 |
| 7 | पुनर्मूल्यांकन आरक्षितों के अतिरिक्त आरक्षित | - | - | - | - | - | 8,561.25 | - | - | - | - | - | 6,864.71 |
| 8 | आय प्रति शेयर (10/- रु. प्रति का) (वार्षिक नहीं) | | | | | | | | | | | | |
| (क) | मूल | 0.76 | 0.90 | 0.36 | 1.66 | 0.28 | 1.14 | 2.71 | 3.25 | (1.51) | 5.96 | (2.43) | (3.72) |
| (ख) | तनुकृत | 0.76 | 0.90 | 0.36 | 1.66 | 0.28 | 1.14 | 2.71 | 3.25 | (1.51) | 5.96 | (2.43) | (3.72) |

**टिप्पणी:** उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीकरण एवं अन्य प्रकटीकरण अपेक्षांए) विनियमों, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत शेयर बाजार में दाखिल 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के स्टैंडएलोन और कंसोलिडेटिड वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। 30 सितंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और छमाही के स्टैंडएलोन और कंसोलिडेटिड वित्तीय परिणामों के संपूर्ण प्रारूप वेबसाईट www.bseindia.com, www.nseindia.com और www.brookslabs.net पर उपलब्ध है।

**हिते एवं कृते बोर्ड**
**हस्ता/- भूषण सिंह राणा**
**DIN:10289384**
**पूर्ण कालिक निदेशक**
**स्थान: बद्दी**
**दिनांक: 14.11.2025**


# हार महागठबंधन के लिए झटका : जय राम

शिमला, 14 नवंबर (ब्यूरो)।

बिहार विधानसभा चुनावों में राजग की प्रचंड जीत के बाद पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता जय राम ठाकुर ने शुक्रवार को कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला बोला। शिमला में जय राम ने कहा कि महागठबंधन ने 'वोट चोर, गद्दी छोड़' के नारे के साथ पूरे देश में शोर मचाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें करारा झटका लगा है।

